THE TIMES

VED CHAKSHU वेद चक्षु

The Gateway of Cosmos

श्री सनातन मार्ग

SWAMI SAMATAN SHREE

(English Translation : Achyut Shanker)

द टाइम्स The Times

वेद चक्षु

The Gateway of Cosmos

श्रद्धेय स्वामी सनातन श्री जी के श्रीमुख से

श्री सनातन आश्रम

गौराबाग, फुर्सी रोड, लखनऊ

English Translation: Achyut Shanker

प्रस्तुति : राजेश्वरी शंकर

(संपादिका : 'द टाइम्स ऑफ एस्ट्रोलॉजी)

NISHKAAM PEETH PRAKASHAN

(Publication Divison of "The Times of Astrology")

First Edition : 2006

© Rajeshwari Shanker Associates.

All rights reserved. No part of this book may be used or reproduced in any manner whatsoever without written permission from the publisher except in the case of brief quotations embodied in critical views and reviews.

ISBN - 81-87528-59-1

Also available at :
Lucknow Beureau of **"The Times of Astrology"**
B-4, Arif Vikas Chamber, Sector-2, Vikas Nagar, Lucknow
Phone : 0522 - 2769462

Cover Design: Achyut Shanker

Published by **Rajeshwari Shanker** on behalf of Rajeshwari Shanker Assoicates for Nishkaam Peeth Prakashan (Publication Divison of **"The Times of Astrology"**) Rajeshwari Shanker Associates.
R-12 A Hauz Khas,
New Delhi - 110 016 Ph : 011-26512523,
Email. *editor@jyotirved.com*
Printed at : Supreme Offset Press, K-5, Malviya Nagar, New Delhi- 110017

अनुक्रम Index

विषय	पृष्ठ संख्या
संक्षिप्त परिचय	4
श्री ब्रह्ममुख से	7
प्रवेश से पूर्व	9
वेद चक्षु	14
Ved Chakshu: The Gateway of Cosmos	55

श्रद्धेय स्वामी सनातन श्री

(एक संक्षिप्त परिचय)

आज से लगभग सैंतालीस वर्ष पूर्व एक अदभुत तपस्वी का लखनऊ नगर में पदार्पण हुआ। विशाल देह, आजानु बाहु, चिर मुस्कान लिये ज्योतिर्मय शुभ आकृति! उस महान व्यक्तित्व ने नौ दिन के प्रवचन में { जो बाद में सनातन दर्शन नौ अध्याय अथ पृष्ठभूमि नामक, अमर ग्रंथ के रूप में प्रकाशित हुआ} जन मानस को ऐसा मोह लिया कि कोई भी उससे बिछुड़ने को तैयार न था।

परन्तु संन्यासी रुकने को तैयार न था। कारण? गृहस्थ और संन्यासी धर्म की अपनी मर्यादा है। गृहस्थों के बीच संन्यासी को अधिक समय नहीं रहना चाहिये। शेर और संन्यासी जंगल में ही शोभा देते है। उसका स्पष्ट मत था जो अटल था।

कुर्सी रोड पर अलीगंज हनुमान मन्दिर से लगभग चार किलोमीटर आगे "श्री सनातन आश्रम" की स्थापना हुई। संन्यासी रुक गया।लखनऊ वासियों के प्रेम के वशीभूत जैसा हो ।

आश्रम बना। आत्म ज्योतियों से वातावरण मुखरित हो उठा। भक्त मित्रों ने कहा, "स्वामी जी अब चेला बनाइये, अन्यथा आश्रम खर्चा कैसे चलेगा?"

"चेलों के सहारे यह संन्यासी जी लेगा परन्तु जिनके नाम का वस्त्र धारण किया है उनके सहारे कब जियेगा? सनातन स्वामी आगत को ईश्वर ही जानेगा! सेवा करेंगे तथा चरण रज से अधिक कामना नहीं होगी! जैसे नारायण रखेंगे, वैसे ही सबकी सेवा करते हुए तपेंगे! इच्छा जब नारायण से नहीं तो ससार से कैसी कामना?" संन्यासी का उत्तर था!

वर्षों उपरान्त! एक क्षण, एक शब्द भी तो नहीं बदला। पावन संन्यासी ने न तो कभी किसी से इच्छा की, न ही चेला आदि का विचार ही उभरने दिया।

"पुष्प और सन्त "

परहित में मुस्कराते हैं। स्वामित्व की संकीर्णता में--

कुण्ठित हो, मर जाते हैं। कृपया इन फूलों को न तोड़ें।
स्वामी सनातन श्री

आश्रम के द्वार पर आते ही पुष्प वाटिका में लगा उक्त पट आगन्तुक का मौन, किंतु अन्तर से मुखर स्वागत करता है।

लखनऊ नगर से उत्तरायण सनातन आश्रम पडता है। अलीगंज चुंगी से लगभग डेढ किलोमीटर आगे। चुंगी से आगे बढते ही शहर का शोर भरा वातावरण पीछे छूट जाता है। साथ ही आधुनिकता की उकता देने वाली नकली व्यावहारिकता। दूर-दूर तक फैले हरे-भरे खेत और बागीचे सड़क के दोनों ओर पंक्तिबद्ध खडे विशाल झुकते पेड़ों का अलौकिक दृश्य, संन्यासी से मिलने की अभिलाषा तीव्रतर होती जाती हैं। फिर आश्रम का सामीप्य और पुष्प, लताओं और पेडों के समूहों का मौन स्वागत। शान्त, नीरवता में मूक प्रार्थना-पट! पुष्प और.

बरामदे में कदम रखते ही कुछ और पट नेत्रों को आकृष्ट करते हैं। आश्रम की लक्ष्मण रेखाओं का भान कराता एक पट तो दूसरा ··

"आप जब प्रणाम करते हैं अथवा चरण रज लेते हैं तो आपकी श्रद्धा आस्था एवं अपने संकोच के कारण यह संन्यासी आपको रोक नहीं पाता है!

अन्यथा, आपके चरणों की धूल ही इस संन्यासी का चन्दन तिलक है।

अच्छा हो, आप मन ही मन प्रणाम करें तथा ऐसा कुछ न करें जो संकोच का कारण हों।"

गुरुता की गरुता का भार ढोये कौन!
जन-जन की चरण रज को।।
हम गाल तिलक जानते हैं।
स्वामी सनातन श्री

आगन्तुक स्तब्ध पट को देखता रह जाता है, एक संन्यासी इतना अकिंचन! यह आगन्तुक का प्रणाम नहीं, चरण रज चाहता है तभी दूसरा पट्ट---

"मन्दिर, मस्जिद, गिरजा, गुरुद्वारे,
मानव प्रेम के सबल सहारे।
सावधान! धर्मद्रोही हत्यारे।।
बना न दें कसाई बाड़े।
हर एक राह, नेक राह।।
स्वामी सनातन श्री

प्राणीमात्र में ईश्वर को देखने की बात तो सारे सम्प्रदाय और गुरू कर्णधार करते आये हैं परन्तु क्या किसी ने.....।

सद्ग्रन्थों में, अतीत कथाओं में, हमने पढ़ा एवं सुना था कि आश्रमों में पशु-पक्षी भी मनुष्यों की तरह बोलते हैं।श्री सनातन आश्रम में आज भी आपको ऐसा सुखद आश्चर्य होता है जहाँ कुत्ते बिल्लियां और जंगली पशु-पक्षी भी वाणी से वरद् होकर ईश्वर का नाम जप एवं ध्यान करें। जहाँ कुँआरी बछियां भी स्तन से दूध गिरावें। जो अविश्वसनीय है तथा कथाओं में ही मिलता है उसका प्रत्यक्ष दर्शन कराते आश्रम के पशु, भक्त को स्तब्ध कर देते हैं। अतीत की कथाओं पर अनायास विश्वास हो उठता है।अकिंचन, किसी से कोई इच्छा नहीं, फिर भी सारे भारत में मुफ्त बँटती किताबें नाना प्रादेशिक भाषाओं में, सब कुछ एक सपने सा लगता है फिर भी इतना सत्य और प्रत्यक्ष कि प्रमाण का प्रश्न ही नहीं।

अतीत की मर्यादाओं का निर्वाह भी कितना स्पष्ट एवं पाखण्ड से रहित। आश्रम में प्रवेश पाते ही आगन्तुक की निगाहें सूचना पट पर टिक जाती है।

'अनन्त काल से सूर्य और पृथ्वी असीम प्यार की डोर में बँधे एक दूसरे के लिए तपते, और फलते फूलते हैं, परन्तु एक दूसरे से मिलते नहीं हैं। मिलन दोनों का सर्वनाश ही तो है।

संन्यासी और गृहस्थ का प्रेम सूर्य और पृथ्वी की भांति ही है " संन्यासी तपे जिससे गृहस्थ, सदगृहस्थ बन वासना और अज्ञान जलाकर सुखपूर्वक फलें फूलें। पृथ्वी और सूर्य की भांति अपनी सीमाओं और लक्ष्मण रेखाओं का सम्मान करते हुए।

आप हमारी और अपनी मर्यादा एवं दूरी का सम्मान करते हुए हम सन्यासियों को सेवा का अवसर दें। संकोच का कारण न बनें।

धन्य है वे लोग जो इस आश्रम में आते हैं। धन्य है यह आश्रम जो सनातन मूल्यों को अनायास और सहज ढ़ग से जनमानस में स्थापित करता चल रहा है। धन्य है स्वामी सनातन श्री, उनका स्नेह और आशीर्वाद जो सर्व सुलभ है, साक्षात आश्रम में, उसके कण–कण में और उनकी वाणी में जो कैसेट्स और पुस्तकों में शाश्वत रूप से अक्षुण्ण रहेगा, सदा ही ।

।।नारायण हरि।।

श्री ब्रह्म मुख से

जीवन की अवधारणा को लेकर नाना मतभेद सदा ही रहे हैं। आदि वेदादिक की मान्यतानुसार जीवन धरती पर वृहस्पति ग्रह से धरा पर उतारा गया था। वृहस्पति ग्रह निरन्तर ग्रह की अवस्था से निकलकर सूर्य की अवस्था में वदल रहा था। यह प्रकृति का सर्वमान्य नियम है। ग्रह समय की सीमा को लांघकर धूम्रकेतु वन आकाश में मृत्यु को प्राप्त हों अथवा रूद्रवलय को धारण कर अनन्तायु सूर्य की अवस्था पायें। नियमानुसार वृहस्पति भी सूर्य की अवस्था की ओर तेजस को प्राप्त हो रहा था। मानव जीवन को अन्यत्र स्थानान्तरित करना महाराज सगर की अनिवार्यता वन गयी। इसकी चर्चा वेदों तथा महाभारत महाकाव्य में है। वहुत से अभियान असफल हुए। अन्ततः देवगुरू वृहस्पति के सद्प्रयास सफल हुए। महाराज दिलीप एवं उनकी महारानी के निशेचित भ्रूण को देव गाय माता सुरभि की वेटी नन्दिनी सुनयना के गर्भ में स्थापित कर तथा नन्दिनी सुनयना को शीतनिद्रा में स्तम्भित कर पृथ्वी पर लाया गया। नन्दिनी के गर्भ से धरती पर प्रथम मानव पुत्र का जन्म महाराज रघु के रूप में हुआ। इन्ही से रघुवंश का धरा पर अवतरण हुआ तथा वे धरा के प्रथम मानव कहाये। इसकी चर्चा रघुवंश महापुराण में भी है। ऋग्वेद में सर्वत्र है। दैत्याचार्य शुक्राचार्य ने शुक्र तथा शनि ग्रहों से असुर संस्कृतियों को भैंसों के द्वारा उपरान्त में धरा पर उतारा था। महिषासुर प्रथम असुर वालक के रूप में धरती जन्मा था।

वेदादिक ग्रन्थों का अवतरण भी उसी काल में देवगुरू वृहस्पति द्वारा हुआ था। काल के लम्वे अन्तरालों में इनका ज्ञान लुप्त होता रहा, वहुत कुछ नष्ट हुआ, भ्रमित हुआ, वदलता रहा। भगवान श्रीवेदव्यास के अथक

प्रयासों से उसे पुनः सुस्पष्ट किया गया। ब्रह्मसूत्र की रचना भी उनके सद्प्रयासों में एक सर्वोत्कृष्ट सम्पूर्ण ब्रह्म सृष्टि सदृश्य है। सनातन दर्शन के नौ अध्याय के चौथे अध्याय वेद चक्षु का अलग से प्रकाशन एवम् उसका अंग्रेजी में भाषांतर चिरंजीव अच्युत शंकर द्वारा भव्य तथा भावपूर्ण कवर डिजाइन के साथ प्रस्तुत करना अद्भुत आयोजना है। वेदादिक रहस्यों का सम्पूर्ण अनावरण ही इसका सर्वोपरि ध्येय है। इस ग्रंथ से सभी को ब्रह्म एवं परमब्रह्म के अन्तर को स्पष्ट जान लेना सुगम होगा। इसको अधिक स्पष्ट रुप से जानने के लिए पहले आपको महाविष्णु के सुदर्शन चक्र के दर्शन करने होंगे। उस चक्र के दर्शन के लिये ज्योतिष की आंख को जागना होगा। वेदस्य चक्षुः राहु! यह ग्रंथ आपको आपकी जिज्ञासा शान्त करने में अवश्य सहायक होगा। श्रीहरि आपके सद्प्रयास को अमरता प्रदान करें।

-स्वामी सनातन श्री



प्रवेश से पूर्व

धर्म और सम्प्रदायः-धर्म तथा ग्रंथों के ज्ञान को लेकर समाज में वहुत सा भ्रम व्याप्त है। धर्म तथा सम्प्रदाय में मूलभूत भेद होता है और हम अक्सर साम्प्रदायिक मान्यताओं व आचार-विचार को धर्म मान लेते हैं जो कि दुर्भाग्यपूर्ण है। धर्म जीवन उत्पत्ति सृष्टि से जुड़ा ज्ञान तथा विज्ञान है जव कि सम्प्रदाय किसी व्यक्ति विशेष अथवा व्यक्तियों के समूह द्वारा एक लंवे समय तक जिन विचारों व मान्यताओं को स्वीकार किया जाता है, वह एक सम्प्रदाय विशेष का रूप ले लेता है और वही उनका धर्म हो जाता है। सनातन धर्म शब्द का अर्थ है, "नित्य" "अजर" "अमर" । इस प्रकार सनातन शव्द सम्पूर्ण सचराचर से लिया गया है। किसी व्यक्ति के नामान्तर धर्म चलाने की कल्पना यहाँ नहीं की गयी है।

धर्म और सम्प्रदाय के भेद को स्पष्ट करने के लिए हम पवित्र माँ गंगा का उदाहरण लेते हैं। गंगा हिमालय से निकल कर सागर तक सतत् प्रवाहित होती है। गंगा का पवित्र निर्मल सदा वहता हुआ जल ही धर्म की मूल भावना को प्रदर्शित करता है। गंगा किसी से भेद नहीं करती है सभी जीव प्राणियों की प्यास वुझा कर उन्हें जीवन देती है। गंगा के ही दोनों तटों पर असंख्य मठ, मन्दिर स्थापित हैं जो विभिन्न सम्प्रदायों की भांति हैं। जो पूजा अर्चना तो गंगा (धर्म) की ही करते हैं परन्तु भेद-भाव की संकीर्णता से उपर उठ नहीं पाते हैं। गंगा सदा वहती रहती है और मठ (सम्प्रदाय) एक ही स्थान पर सीमित रहते हैं। यही धर्म और सम्प्रदाय का भेद हैं। अक्सर लोग मठ (सम्प्रदायों) को ही धर्म का मूल स्वरूप मान वैठते हैं जो कि नितान्त गलत है।

सनातन धर्म की मान्यताएँः- "एको ब्रह्म द्वितीयो नास्ति" सनातन धर्म की आदि कालीन अटूट मान्यता है। भारत के संत आदिकाल से वहुत ही निर्मल, इच्छारहित और परहित में जीवन को उत्सर्ग करने वाले रहे हैं। धर्म ने ईश्वर की कल्पना जीव मात्र के शरीर में की है। सबमें ईश्वर आत्मा होकर बसते हैं "एकोऽम बहुस्याम"। ईश्वर के अनगिनत स्वरूपों को नाना प्रकार की मूर्तियों और मन्दिरों के रूप में पूजने की आदिकालीन परम्परा रही है। मूर्तिपूजा पूर्णतया वेद सम्मत तथा

मानव मनोविज्ञान का एक उच्चतम शिखर है, क्योकि मानव मस्तिष्क विना किसी रूप या आकार की कल्पना विना कार्य नहीं करता है। सनातन धर्म की यह विलक्षणता रही है कि उसने मनुष्य को बुद्धि, विचारों की पूर्ण स्वतंत्रता प्रदान की है, इसीलिए ईश्वर के निर्गुण तथा सगुण दोनों स्वरूपों की उपासना का विधान सनातन धर्म में आदिकाल से रहा है। नाना ग्रंथों की तरह नाना ऋषि, मनीषी जन, विचारक तथा संत समय के अंतरालों में प्रकट हुए और उन्होंने अपने मत व्यक्त किए। सनातन धर्म ने सबको धर्म पुरूष के रूप में स्वीकार किया, परन्तु उनके नाम पर धर्म चलाने की परम्परा को अस्वीकार कर दिया। यहाँ जितने भी ऋषि, मनीषीजन और संत हुए उन्होंने सनातन धर्म से हटकर किसी धर्म की स्थापना भी नहीं करनी चाही। वे सम्प्रदायों को बनाने के पक्ष में भी नहीं रहे हैं। किसी संत और मनीषीजन के गोलोकवास के लम्बे काल के उपरान्त ही दासता के अंतरालों में सम्प्रदायों को सब कुछ मानकर, सम्प्रदाय चलाने की धारणाओं ने जन्म पाया है। छुआ-छूत, भेदभाव का चलन भी कुछ सम्प्रदायों की ही देन है, धर्म का इससे कुछ भी संबंध नहीं है। सम्प्रदायों द्वारा पवित्र धर्मग्रंथों की गलत व मनचाही व्याख्याओं द्वारा ही समाज में छूआ-छूत आदि धर्म विरोधी मान्यताओं का चलन हुआ है। पूर्ण बौद्धिक परिपक्वता को सनातन धर्म ने सर्वोपरि माना है। आदिकाल से ही तर्कशास्त्र को धर्म के साथ जोड़कर मनुष्य को तर्क की कसौटियों पर संदेह निवारण का व्यापक अधिकार दिया गया है। सनातन धर्म ही एक ऐसा धर्म है जिसमें धर्म पर, मान्यताओं पर, यहाँ तक कि ईश्वर पर भी संदेह करने का अधिकार मनुष्य मात्र को दिया गया है। जो ईश्वर को नहीं मानते, ऐसे नास्तिक दर्शन को भी एक दर्शनशास्त्र के रूप में सनातन धर्म ने ग्रहण किया है।

ईश्वरः- ईश्वर शब्द की व्युत्पत्ति संस्कृत भाषा में ऐश्वर्य से होती है "जो प्राणिमात्र को ऐश्वर्य दे, स्वयं को भुलाकर, इच्छारहित और निष्काम होकर, उसे कहते हैं, ईश्वर। वेद आदि धर्म ग्रंथों ने ईश्वर को मनुष्य से अलग नहीं किया है आत्मा शब्द को ही ईश्वर के रूप में सम्पूर्ण सचराचर में प्रतिष्ठित किया गया है। ईश्वर अर्थात् आत्मा, परमेश्वर अर्थात् परमात्मा। यहाँ सभी अवस्थाओं में केवल परम को ही जोड़ा गया है, जो कि संज्ञा न होकर मात्र विशेषण है। इससे भी स्पष्ट है कि आत्मा और परमात्मा को अलग-अलग नाम न देकर केवल सूक्ष्म और व्यापक बनाकर दर्शाया गया है। घट-घट वासी आत्मा ने पेड़-पौधों के गर्भ से मिट्टी को अन्न और फलों में लौटाया तथा पेट भरने का सम्मान प्राणि मात्र को मिला, जोकि उत्पत्ति तथा जीवन के रहस्यों को नहीं जानते हैं। इसी प्रकार घट-घट वासी आत्मा ने ही आत्म-यज्ञों के द्वारा अन्न को बालक में तथा जीवधारियों को यथा संतति में प्रकट किया, जबकि माता-पिता कहलाने का सम्मान मानव तथा समस्त प्राणिमात्र को मिला।

धर्म ने ईश्वर की कल्पना मनुष्यों को इसलिए नहीं दी कि वे डर, भय अथवा लोभ के लिए ईश्वर की उपासना करें। ईश्वर की कल्पना इसलिए प्रदान की गयी है कि धरती का मानव भी ईश्वर तुल्य वने प्राणि मात्र के सुख के लिए अपने सुखों का परित्याग करे तथा धरती माता की पीड़ाओं को दूर कर धरती को स्वर्ग सा सुन्दर व सुखद वनाये। इस प्रकार सनातन धर्म में ईश्वर की कल्पना विदेशी धर्मों अथवा सम्प्रदायों से विल्कुल अलग है।

धर्मग्रंथः-सनातन धर्म की मान्यता है कि सम्पूर्ण प्रकृति, जीवन्त सचराचर ही परमेश्वर द्वारा लिखा जा रहा निरन्तर धर्मग्रंथ है तथा जीव मात्र एवं जीवन्त पेड़-पौधे, सचराचर ही परमेश्वर द्वारा लिखे जा रहे धर्मग्रंथ के अक्षर हैं, हम सव मनुष्य भी इसी धर्मग्रंथ के एक जीवन्त अक्षर हैं, जिसे परमेश्वर आत्मा होकर स्वयं लिखते हैं। **"पश्य देवस्य काव्यं, न ममार न जीर्यते"**। देखो ईश्वर का काव्य अर्थात् रचना जो न कभी मरती है तथा न ही जीर्णता को प्राप्त होती है। यही मूल धर्मग्रंथ है। कोई भी ईश्वरीय रचना जड़, मृत कागज अथवा भोजपत्रों या पुस्तकों में नहीं होती है। वेदों ने स्वयं माना है कि वे भी ईश्वरीय रचना प्रकृति के ही भाष्य ग्रंथ हैं, मूल धर्मग्रंथ नहीं हैं। इसीलिये सनातन धर्म में प्रकृति को ही मूलधर्म ग्रंथ माना है तथा प्रकृति, ब्रह्माण्ड के नियमन को ही धर्म की मान्यताओं तथा रीति-रिवाज के रूप में ग्रहण किया गया है, किसी व्यक्ति विशेष अथवा सम्प्रदायों के अपने चलन को धर्म के नियम नहीं वनाएं गए हैं।

सम्पूर्ण आध्यात्मिक ग्रंथों का मूल उद्देश्य मनुष्य की मानसिकता को पूर्ण परिपक्वता प्रदान कर ऋषि के स्तर तक लाने में है, जिससे वह मूल धर्मग्रंथ अर्थात् प्रकृति को स्वयं आत्मस्थ होकर ग्रहण कर सके। इसीलिए सनातन धर्म में प्रकृति को ही मूलग्रंथ माना गया है तथा धर्म को तर्क शास्त्र की कसौटियों से वरद किया गया है। अन्य धर्मों में तर्कहीन, संदेह रहित पशुवत आचरण को धर्म की राह माना गया है।

मन्दिर और यज्ञशालाः- मन्दिर तथा यज्ञशाला के रूप में मनुष्य को ही प्रतीक के रूप में प्रदर्शित किया गया है। मन्दिर और यज्ञशाला दोनों ही मानव के प्रतीक स्वरूप हैं। वेद ने मन्दिर को एक समाधिस्थ योगी के रूप में दर्शाया है। जैसेः पाल्थी के जैसा मन्दिर का चवूतरा, धड़ के जैसा गोल कमरा, सिर के जैसा गुम्वद तथा जटाओं के जूड़े जैसा कलश, आत्मा जैसी प्राण प्रतिष्ठित मूर्ति तथा जीव के रूप में निमित्त सेवक पुजारी। श्रुति ग्रंथों वेद, ब्रह्मसूत्र आदि में इसी कल्पना को सर्वत्र ग्रहण किया गया है। यज्ञशाला के रूप में भी तथा यज्ञ के रूप में भी मनुष्य के स्वरूप को दर्शाया गया है। यथाः- आत्मा यज्ञ का अधिष्ठित देव आचार्य है। प्राणवायु उपवृत्विज अर्थात उपाचार्य है। आत्म-ज्वाला, ब्रह्माग्नि को इस आत्म-यज्ञ की ज्वाला के रूप में दर्शाया गया है। शरीर को सामिग्री के रूप में ग्रहण किया गया है। जीव

ही यजमान है। वेद में प्रत्यक्ष और परोक्ष दो यज्ञों की समानान्तर कल्पना की गयी है। वाह्य यज्ञ तथा आन्तरिक यज्ञ। आन्तरिक यज्ञ में आत्मा-आचार्य, प्राण-उपाचार्य, आत्म-ज्वाला यज्ञ की अग्नि, तन सामिग्री एवं समिधा तथा जीव यजमान है। वाह्य यज्ञ में यथा आचार्य, उपाचार्य, समिधा तथा पवित्र भोजन को सांकल्य के रूप में ग्रहण किया गया है। मंत्रोचार के द्वारा पवित्र अग्नि के रूप में प्रकट करने की परम्परा है तथा जीव यजमान है। इस प्रकार भीतर और वाहर दोनों यज्ञों में जीव को यजमान के रूप में ग्रहण किया गया है। यजमान उभय है। वाहर के यज्ञ में सांकल्य के साथ संकल्प पूर्वक उसे वाह्य जगत के असत्य अज्ञान तथा अतृप्तियों को भस्म करना है, तभी वह पूरी तरह से अंतर्मुखी होकर स्वंय को उन्हीं ब्रह्म-ज्वालाओं में अर्थात् आत्मा रूपी अग्नियों में यज्ञ करते हुए ब्रह्म ज्वाला के द्वारा नूतन जन्म को धारण करे। दूसरे जन्म को प्राप्त होता हुआ द्विज कहलाये। इसी कल्पना को गुरूकुल में यज्ञोपवीत के साथ आज भी ग्रहण किया जाता है। सनातन धर्म की यह अद्भुत विलक्षण कल्पना है जिसकी चर्चा विश्व के किसी भी धर्म अथवा सम्प्रदायों के ग्रंथों में नहीं है।

राष्ट्र का नामः- वैदिक ग्रंथों में देश का नाम भरत-खण्ड के रूप में आया है। **"जम्बूद्वीपे भरतखण्डे"** यही हमारा जातिसंज्ञक परिचय है। हमारी धार्मिक, वैचारिक, समसामाजिक एवं परिपक्व मान्यता है। 'भरत'शव्द का प्रयोग 'भरतार' अर्थात् भरण पोपण करने वाले परमेश्वर के हित में लिया जाता है। दूसरे महान व्यक्तित्वों को सम्मानित करने के लिए भी इन शव्दों का प्रयोग होता है। चूँकि हमारा प्रभु घट-घट वासी है, सचराचर में व्याप्त है, इसलिए हमारा मातृस्थान भरतखण्ड कहलाता है। "जम्वूद्वीप" सम्पूर्ण धरती को कहते हैं। जव जीवन को धरती पर उतारने का प्रयास शुरू हुआ तो धरती को जम्वूद्वीप का नाम दिया गया क्योंकि सुदूर अंतरिक्ष से देखने पर सम्पूर्ण धरती एक जामुन के फल की भांति नीली आभा से युक्त दिखाई देती है इसीलिए इसे जम्वूद्वीप कहते है। जम्वूद्वीप का भरतखण्ड अर्थात परमेश्वर का घर। हमारी मान्यता है कि भरत अर्थात परमेश्वर ही हमारा पिता है इसलिए भरत के पुत्र होने के कारण हम सव 'भारत' हैं। भरतस्य अपत्यम् भारतम्। हम महान भारत संस्कृति है। 'हिन्दु' 'इण्डियन' आदि शव्द विदेशी भापाओं के है। दुर्भाग्यवश जव हमारा देश विदेशी दासता में वंध गया तो विदेशियों द्वारा मूल निवासियों को अपमान के रूप में इन शव्दों से सम्वोधित किया जाता था। यह दोनों शव्द (हिन्दु तथा इण्डियन) अपमान सूचक अपशव्द हैं। यह हमारी संस्कृति का दुर्भाग्य है कि आज हमें अपनी पहचान के लिये विदेशियों द्वारा दी गई अपमान जनक शव्दों का सहारा लेना पड़ रहा है। जव नागरिक के मन में रहेगा कि वह भारत है, ईश्वर का पुत्र है तो उसमें अपने होने का गर्व होगा तथा

दी गई अपमान जनक शव्दों का सहारा लेना पड़ रहा है। जव नागरिक के मन में रहेगा कि वह भारत है, ईश्वर का पुत्र है तो उसमें अपने होने का गर्व होगा तथा साथ ही अपनी कमजोरियों पर लज्जा का भाव, उसके गहरे मानस में उसे उद्वेलित करता रहेगा कि वह अपने पिता परमेश्वर की भांति अच्छा और सद्गुणी क्यों नहीं है। ऐसी सुन्दर पहचान को खोकर विदेशी जूठन के रूप में मिली गालियों से नयी पहचान खोजना, क्या उचित है ?

पुनर्जन्म तथा आवागमनः- (जीवन एक यात्रा है) आत्मा को अमर मानते हुए उसके पुनः-पुनः योग माया से प्रकट होने की वात सभी श्रुतियों में तथा श्रीमदभगवदगीता में आयी है। जीव के पुनर्जन्म की वात भी व्यापक रूप से आदि-कालीन ग्रंथों में मिलती हैं। प्रकृति को यदि मूल धर्म ग्रंथ के रूप में स्वीकार किया जाये तो पुनर्जन्म की कल्पना स्वयं सिद्ध हो जाती है। सम्पूर्ण भौतिक दृश्य, प्रकृति, वृक्ष वनस्पति जीव सचराचर सभी मृत्यु के उपरान्त पुनः नये रूप में निरन्तर जीवन के आवागमन के चक्र से लौट रहे हैं। यदि पुनर्जन्म नहीं होता तो प्रकृति का स्वरूप कुछ और ही हो जायेगा।

सम्पूर्ण सचराचर प्रकृति एक यात्री के समान है। जीवन एक यात्रा है तथा हम सव यात्री है। गति ही जीवन है तथा सम्पूर्ण व्रह्माण्ड, प्रकृति इसी नियम के अनुकूल आचरण करती है। जव हम सव इसी व्रह्माण्ड के अंग है तो हम सव इसी सत्य से जुड़े हैं। ग्रहो एवं नक्षत्रों की भांति ही शरीर के नाना अवयव रक्त के कण, शिराये, कोश सभी निरन्तर परिक्रमाओं को प्राप्त है। परिक्रमा ही जीवन का सूत्र है। पृथ्वी के साथ हम भी सूर्यदेव की परिक्रमा कर रहे हैं। सभी ग्रह, ग्रह नक्षत्र सम्पूर्ण व्रह्माण्ड परिक्रमाओं को प्राप्त है। यही जीवन परिक्रमा हमारे शरीर में निरन्तर गतिमान रहती है। जीवन का प्रत्येक क्षण परिक्रमा से ही हमें प्राप्त होता है।

वेद चक्षु

भक्तगण!

आज महात्माओं की भक्ति और श्रद्धा से मोहित हो, कोटि-कोटि अभिनन्दन करता है, आपका भक्त! ज्ञान यदि भक्ति एवं श्रद्धा से रहित है तो मात्र भटकाव है! ढोंगे है!! पाखण्ड है!! ज्ञान से महान है श्रद्धा एवं भक्ति !! आप महान है! मेरे द्वारा दिये गये सनातन प्रवचन को आप प्रश्नरहित, शंकारहित हो भक्ति एवं श्रद्धा से सुन रहे हैं। मेरे ज्ञान से आपकी श्रद्धा भक्ति अति महान है!! श्री हरि मुझ पापी को भी आप जैसा भक्त वना दें- ऐसा आशीर्वाद दीजिये मुझको!

आज आप महाप्रभुओं को सुनाऊंगा कि किस प्रकार यज्ञ के द्वारा नाना ग्रह, नक्षत्र आदि की सृष्टि होती है, किस प्रकार यह पृथ्वी अस्तित्व में आई तथा किस प्रकार यहां जीवन का स्थानान्तरण हुआ; किस प्रकार ग्रह महाप्रलय को प्राप्त होते हैं; तथा किस प्रकार ग्रह महाप्रलय को न प्राप्त हो रुद्रवलय धारण कर, नित्य सनातन स्वरूप को प्राप्त हो जाते हैं।

पूर्व इसके कि, मैं आपको ग्रहों की सृष्टि का सनातन मत सुनाऊं; कुछ उस विषय में भी बताता चलूं कि आधुनिक पाश्चात्य वैज्ञानिक भी कैसे दिखाते है, सृष्टि इस ग्रह की।

आधुनिक विज्ञान के अनुसार सूर्य एक आग का जला हुआ गोला है। इसमें निरन्तर विस्फोट होते रहते हैं। इसी प्रकार एकक बार सूर्य में अति भारी विस्फोट [big bang] हुआ। विस्फोट से सूर्य का एक हिस्सा टूटकर अलग हो गया। यह हिस्सा जो स्वयं में जलता हुआ गोला था पुनः विस्फोट के कारण दो भागों में विभक्त हो गया। एक हिस्सा पृथ्वी बना और दूसरा चन्द्रमा। दोनों धीरे-धीरे ठन्डे पड़ने लगे। पृथ्वी सूर्य की परिक्रमा करने लगी और चन्द्रमा पृथ्वी की परिक्रमा करने लगा। जैसे मोम पर पपड़ी सा ठण्ड से जमने लगती है, वैसे ही इस पृथ्वी पर भी पपड़ी जमने गी। निचले हिस्सों में भाप ठन्डी होकर पानी बनी। पानी से सागर लहराने लगे।

सागर में अचानक उत्पन्न हो गये, दो प्रकार के एक कोशीय जीव, एमीबा और बैक्टीरिया। यह जीव धरती पर चढ़ाई कर दिये। धीरे-धीरे यह एक कोशीय से दो और नाना कोशीय जीवों में परिवर्तित होते चले गये। वगैरह! वगैरह!!

बन्धुओं! यह कहानी की, जो सुनाते हैं आपको वैज्ञानिक लोग! एकदम तोसिर-पैर की तेबुनियाद है। सनातन जब घेरता है तो बगलें झांकने लगते हैं।

पुछा इनसे, कि महाराज! यदि पृथ्वी इसी प्रकार अस्तित्व में आई है तो बाकी ग्रहों की सृष्टि कैसे हुई? उत्तर नदारद!

"पूछा– यदि मान लें कि पृथ्वी सूर्य से अलग हुई तो बताओ सूर्य क्या है"? कहने लगे "आग का जलता हुआ गोला, ढटामिक रियेक्टर है। पृथ्वी है। पृथ्वी के किसी भी रियेक्टर से कई करोड़ गुना अधिक गर्मी वहां हैं।" ठीक!! इतनी गर्मी में ठोस अथवा तरल तो रही ही नहीं सकता! इतनी अधिक गर्मी में तो पदार्थ का विघटन [decay] सूक्ष्म अणुओं [atoms] में स्वतः हो जावेगा। वहां तो पदार्थ [element] भी नहीं बना रह सकता।" पूछा- आपके भक्त सनातन ने।

ठीक! है!! हम आपसे पूरी तरह सहमत है। "Matter shall always split into atoms in such a heat. These atoms may further become radio&active and cosmic due to temperature and Blast".

"तब तो मित्रो! सूर्य से धमाके [Blast] के साथ जो अलग हुआ होगा वह radio-active atoms का समूह [mass] रहा होगा।"

"निरसन्देह!! बिल्कुल ठीक!" बोले वे!

वे अणु [atoms] जब धमाके के साथ क्षीरसागर [space] में आये तो माया ने होने से, उनकी गति का ह्रास ही नहीं हो सकता। माया [gravity] से ही प्रतिघर्षण [friction] होता है जिससे शक्ति का परावर्तन होने से गति मन्द होती है।

"बिल्कुल ठीक!!" माना उन्होंने।

"तो महाराज! यदि सूर्य से कुछ अलग हुआ तो वह समूह [mass] था radio atom का, क्षीरसागर [space] में उनकी गति रुक ही नही सकती थी। तो बताओ कि वह समूह पृथ्वी कैसे बन गया? स्पष्ट है कि radio-

active atom एक दूसरे से लड़कर करोड़ों प्रकाशवर्ष दूर, नाना ग्रहों पर गये होंगे; तथा उन ग्रहों की माया से उनकी गति परावर्तित हुई होगी। तब क्या प्रत्येक अणु ने प्रत्येक अणु को टेलीफोन करके पूछा होगा कि, अरे भाई तुम कितने करोड़ वर्ष दूर निकल गये। यदि नहीं, अपने को क्षीरसागर में अमुक स्थान पर लौटकर जुड़ना था, पृथ्वी बनना था।"

"अरे भाई! यदि यह आपका विज्ञान है तो कोरी गप्प किसे होगे? यदि यह आधुनिक वैज्ञानिक उपलब्धि है तो किस्सा तोता-मैना तो महानतम उपलब्धि हो जावेगी।" बन्धुओं! आपके भक्त के प्रश्नों का उत्तर देने में, समर्थ नहीं, आज विश्व का सारा वैज्ञानिक समाज। उनका विज्ञान उन्हें ही शर्मिन्दा कर रहा है।

सुनो! अब क्या कहते हैं सनातन वेद एवं गीता। हिरण्यगर्भ में, क्षीरसागर में यज्ञ के द्वारा ग्रहों की सृष्टि होती है। जय हो! जय हो सनातन तुम्हारी!! करोड़ों; करोड़ों; अनगिनत वर्षों की मान्यता कट न सकी। और कटकर रह गया वैज्ञानिक आज का। स्तब्ध है! आवाक है!! जिस कहानी पर नाना पारितोषिक बंटे हैं, वही कहानी मात्र बकवास बन रह गयी है।

ज्योति जली क्यों? लपट उठी क्यों? क्योंकि सूक्ष्म ब्रह्म [atoms] जब छिटक कर अलग हो गये, पदार्थ [matter] से, तो उनके चारों ओर का क्षीरसागर नष्ट हो गया। पदार्थ में रहने से, क्षीरसागर [space] था तो माया [gravity] प्रभावहीन था। परन्तु क्षीरसागर के हटते ही सूक्ष्म-ब्रह्म को माया घेरने लगी। क्या करे सूक्ष्म-ब्रह्म? परन्तु क्षीरसागर के हटते ही सूक्ष्म ब्रह्म को

माया घेरने लगी। क्या करे सूक्ष्म-ब्रह्म? ब्रह्म अमर है ! परन्तु माया में तो उसका विघटन [decay due to gravity] होगा। किस प्रकार अपने अमरत्मव को बनाये रखे। माया के पैंनेवाणों को निरस्त्र करने के लिए ब्रह्म कुपित [radio active] हो उठा और उसका स्वरुप विराट होने लगा। [atoms expands; atom does not break] उसकी नाना [electrons] प्रकट होने लगीं और तेजस्वी स्वरुप धारण कर मायाओं को निरस्त्र करता हुआ, सुदर्शन चक्र की नाई घूमता हुआ, वह ऊपर को उठने लगा। इस प्रकार मायाओं को निरस्त कर क्षीरसागर [space] में आया तो पुनः शांत हो उसी सूक्ष्म विन्दु स्वरुप में आ गया। ऐसे ही क्षीरसागर [space] में आया तो पुनः शांत हो उसी सूक्ष्म विन्दु स्वरुप में आ गया। ऐसी ही असंख्यों बिन्दु निरन्तर क्षीरसागर में जुड़ते रहते हैं। नन्हीं-नन्हीं गोलियों का ऐसे ही असंख्यों विन्दु निरन्तर क्षीरसागर में जुड़ते रहते हैं। नन्हीं नन्हीं गोलियों का स्वरुप धारण कर लेते हैं। ये नन्हीं गोलयाँ अनन्त क्षीरसागर में दौड़ती रहती हैं, तथा निरन्तर मायाओं को परस्त कर, क्षीरसागर में प्रवेश करते सूक्ष्म ब्रह्म को स्वयं में समेटती रहती हैं। इस प्रकार ये गालियाँ आकार का विस्तार करती हैं और उल्काओं का स्वरुप धारण कर लेती है। ये उल्कायें यदि किसी ग्रह की माया में प्रविष्ट हो जाती हैं तो इनका उल्कापात हो जाता है।

परन्तु यदि ये उल्कायें किसी भी ग्रह की माया में प्रविष्ट नहीं होतीं– तो क्षीरसागर में धीरे धीरे सृजन के द्वारा ग्रह के स्वरुप को प्राप्त हो जाती हैं। इस प्रकार क्षीरसागर में, हिरण्यगर्भ में यज्ञ के द्वारा विन्दु ग्रह

केस्वरुप को प्राप्त होता है। जिस प्रकार माता के गर्भ के क्षीरसागर में बिन्दु बालक के स्वरुप को प्राप्त होता है। बिन्दु से बालक बना है, गर्भ में क्षीरसागर के, यज्ञ के द्वारा! उसी प्रकार बिन्दु से ग्रह बना है, हिरण्य गर्भ के क्षीरसागर में, यज्ञ के द्वारा!

अरे! प्रकृति ही तो सनातन है। उसका प्रत्येक नियम ही तो सनातन है। जैसे बना बालक, तैसे बना ग्रह। बोलो इस महान नोबल इनामी वैज्ञानिकों को, कि काट दिखाये मत सनातन के!

जिस प्रकार किसी ग्रह की माया का गर्भ पर प्रभाव आने से , गर्भपात हो जाता है, ठीक उसी प्रकार माया के प्रभाव में आने से, उल्कापात हो जाता है। अरे मेरे कोटि-कोटि सनातनो! पहचानो कि क्या धर्म है तुम्हारा? विज्ञान का चरम है जो, सनातन धर्म तुम्हारा है। आत्मा का धर्म, प्रकृति का धर्म ही, मात्र धर्म है। सम्प्रदाय धर्म हो सकते नहीं हैं। धर्म के नाटक कहो उनको!

ब्रह्मा! विष्णु!! महेश!!! धारक-सृजक-संहारक!!

ब्रह्मा के ब्रह्म [सूक्ष्म-विन्दु] जब विष्णु द्वारा जुड़ने लगे क्षीरसागर में, तो होने लगी सृष्टि नूतन ग्रहो की! बिन्दु उल्काओं में एवं उलकायें ग्रहों के स्वरुप को धारण कर परिक्रमाओं को प्राप्त होने लगीं। इन ग्रहों पर निरन्तर उल्कापात होने से इनका भार बढ़ता रहता है तथा ये ग्रह जिस ग्रह की परिक्रमा को प्राप्त हैं, उससे अपनी बढ़ती हुई माया का संतुलन करते हुए निरन्तर पीछे हटते रहते हैं। माया का भार निरन्तर बढ़ता जाता है। इसका जीवन्त उदाहरण आपकी पृथ्वी ही है। इस पर माया का प्रभाव निरन्तर बढ़ रहा है। इसे विश्व के

सम्पूर्ण वैज्ञानिक मानते हैं इस। प्रकार शनैः शनैः ग्रह पर माया [gravity] का प्रभाव निरन्तर [ग्रह के स्वरुप का उल्कापात द्वारा बढ़ने के कारण] बढ़ता रहता है और माया के विस्तार को प्राप्त होता, ग्रह पीछे हटता रहता है। उसकी परिक्रमा का विस्तार होता जाता है। एक समय वह भी आता है जबकि ग्रह अत्यधिक माया के विस्तार को प्राप्त होने के कारण परिवार [सूर्य परिवार, ववउचसमग] के छोर पर आ जाता है। तभी एक तीसरा पुच्छल तारा पास से गुजरा अथवा अचानक कोई विशाल उल्कापात हुआ। माया का एक अचानक झटका-टूट चला ग्रह परिवार से बाहर, सारे ग्रहों से अपनी माया का अनुपात एवं नियन्त्रण खोकर भागने लगा, अनन्त क्षीरसागर में।

Balance of gravities with different planets of complex was lost. Total gravity of planet fell on the planet. Total gravity resulted in total decay of that planet. Thus entire planet disintegrated into radio active atoms due to absolute gravity. This is MAHA-PRALAYA.

इस प्रकार ग्रह जब माया का सन्तुलन खो बैठा, तो सारी मया का प्रभाव उस गह पर आने से सारा ग्रह विघटन को प्राप्त होकर सूक्ष्म ब्रह्म-बिन्दुओं में परिवर्तित हो गया। यह ब्रह्म बिन्दु अति कुपित हो, माया से संघर्ष कर पुनः क्षीरसागर में आकर शान्त होने लगे। पुनः नन्हीं नन्हीं गोलियों में जुड़ने लगे। ग्रह का विन्दु बिन्दु में परिवर्तित हो जाना ही महाप्रलय है।

धुम्रकेतु, पुच्छल तारे वस्तुतः महाप्रलय को जाते ग्रह हैं, जो महाप्रलय को जाते ग्रह हैं, जो अपने परिवार



(बवउचसमग) से टूटकर अब बिन्दु बिन्दु में बदल रहे हैं तेज के! उनके पीछे से आप तेज की पूंछ देखते हैं; वह विसर्जित होता ग्रह का ब्रह्म ही है।

पाश्चात्य विद्वानों का भ्रम है कि यह निरन्तर परिक्रमा करते रहते हैं। यह सरासर निमूल है। यदि पुच्छल तारे परिक्रमा पथ पर होते, तो उनके साथ ग्रहों का समूह रहना चाहिये तथा माया नियन्त्रण से निश्चित मार्ग पर उन्हें चलना चाहिये। ऐसा कुछ नहीं है। दशानन मार्ग पर महाप्रलय को प्राप्त होता ग्रह ही पुच्छल तारा है।

प्राचीन काल से ही नाविक तथा लम्बी यात्रा पर जाने वाले यात्री इसे अशुभ मानते आये हैं। चूंकि यह तारा स्वयं मरण पथ पर जा रहा है, इसलिए यह यात्रा

भी मरण यात्रा होगी। पाश्चात्य विज्ञान को अपना मत पुनर्निधारित करना चाहिये।

इस प्रकार इस अनन्त क्षीरसागर में भ्रमण करते असंख्य ब्रह्माण्डों में कहीं तो कोई ग्रह अस्तित्व को प्राप्त हो रहा है तथा कहीं कोई बूढ़ा ग्रह विसर्जन को प्राप्त हो रहा है महाप्रलय द्वारा! यह ठीक उसी प्रकार है, जिस प्रकार नन्हा शिशु तो जन्म को प्राप्त हो रहा है, बूढा व्यक्ति मृत्यु को प्राप्त हो चिता पर बिन्दु-बिन्दु में परिवर्तित होने जा रहा है!

प्रकृति की परिक्रमाओं में बँधा सनातन एक क्षण भी प्रकृति से अलग हो सकता नहीं है। उसके ईश्वरीय आदेश उसे प्रकृति से ही प्राप्त होते हैं, जिसका वह स्वयं अंग है तथा प्रकृति सनातन के धर्म, सनातन का अनुयायी है।

जिस प्रकार पशुपताग्नि { cosmic fire } के द्वारा सम्पूर्ण ग्रह विन्दुओं में विभक्त होता है; उसी प्रकार इस शरीर की भी गति होनी चाहिये। इसलिये सनातन ने अग्नि द्वारा शरीर को भी विन्दु विन्दु में परिवर्तित करने का आदेश दिया। दूसरी ओर उसने इस तथ्य को भी ध्यान रखा कि नवजात शिशु अथवा छोटा बालक तो छोटी बड़ी उल्काओं के समान है। इसलिये उसने छोटे बालक एवं शिशु को अग्नि द्वारा विसर्जन से वर्जित कर उल्कापात की भाँति जलप्रवाह कर देने अथवा दफन कर देने का आदेश दिया। प्रकृति का नियम कहीं भी भंग न होने पावे।

सनातन ने इतना ही नहीं वरन, प्रत्येक स्थिति का पूरा ध्यान रखा। उसने देखा कि ग्रह सदा परिवार

से वाहर जाकर ही विसर्जन को प्राप्त होता है। सनातन ने अने अनुयायियें को भी आदेश दिया, कि चौथी अवस्था में भी गृह त्याग कर, वानप्रस्थ हो एवं परिवार से दूर जाकर शरीर का त्याग करें। प्रकृति के अंग, प्रकृति के नियम के विपरीत जा सकते नहीं हैं।

किस मूर्ख ढोंगी ने कहा था कि मनुष्य आदि काल में भय से अग्नि आदि देवताओं को पूजने लगा था। अरे नयनसुख महाराज! भीष्ण भाष्ण त्याग कर कुछ मनन करो! कुछ आत्मचिन्तन करो! दीवारें टटोलकर, पैर रगड़कर, चलना छोड़ो!

विज्ञान का चरम, आज है सनातन है! ज्ञान का चरम, आज है सनातन! मात्र सनातन! मात्र सनातन!! तू भी सनातन! मैं भी सनातन!! सर्वत्र सनातन! सर्वत्र सनातन!! एको सनातन द्वितीयो नास्ति!

भक्तगण! प्रभु सनातन का ज्ञान तो अथाह सागर है। पृष्ठभूमि सुना रहा हूँ आपको! अधिक विस्तार में इस समय जा सकता नहीं हूँ, वरना कथा पूरी हो सकेगी नहीं! परिचय रह जावेगा अधूरा! सुनेंगे, सुनायेंगे, फिर कभी सविस्तार, वारम्वार!

जाना मेरे नाना प्रभुओं ने, कि किस प्रकार यज्ञ के द्वारा आत्मा कृष्ण, प्रभु, ॐ नाना सृष्टि करते हैं! यज्ञ द्वारा वनस्पति की सृष्टि का रहस्य वताया; यज्ञ के द्वारा सम्पूर्ण चराचर की सृष्टि का रहस्य वताया; यज्ञ के द्वारा सशरीर तेज में परिवर्तित हो यज्ञेश्वर पद की प्राप्ति का मार्ग दिखाया। संक्षेप में चल रहा हूँ। विषय अति भारी है। अभी तो आप प्रभुओं को सुनाऊंगा कथा क्षीरसागर मन्थन की। चाचा डारविन वोले

एमीबा-बैक्टीरिया पितर हमारे।

डारविन साहब के अनुसार यह एक कोशीय जीव सागर में, 'मूड' में आकर पैदा होने लगे। 'मूड' बिगड़ा तो धरती पर धावा बोल दिया। एक कोशीय से द्विकोशीय हुए फिर बहुकोशीय जीवों की सृष्टि करने लगे एक वनस्पति बना, दूसरा जीवधारी बन बैठा। फिर यह महादानव (मैमल) बन बैठे फिर घटने लगे और वर्तमान स्वरूप में आ गये। बन्दर से आदमी बन गया।

डारविन साहब की अति सुन्दर कहानी अब उतार कर फेंक दी गई है। उनकी कहानी इसी शर्त पर स्वीकार की गई थी कि एक कोशीय जीव कालान्तर में द्विकोशीय में परिवर्तित हो सका तो पुनः अनुसन्धान किया जावेगा। एक कोशीय जीव का तब से अब तक निरन्तर परीक्षण होता रहा। परन्तु डारविन साहब की धारणा एकदम गलत सिद्ध हुई। दूसरी बात डारविन साहब की जो नहीं समझ मे आती है, वह यह है कि जब पृथ्वी पर माया (gravity) कम थी तब तो एमीबा-बैक्टीरिया अति विशालकाय जीवधारियों में परिवर्तित हो गए, जबकि बढ़ती माया के साथ उन्हें अधिक बढ़ना चाहिये था, वह लौट कर छोटा क्यों होने लगा? क्यासत्य का विलोम भी सत्य सावित किया जावेगा? (higher gravity, hgiher decay, higher shape and size; lower gravity lower decay, lower shape and size.) इस प्रकार उल्टी गंगा बहाने से काम चलेगा नहीं। फिर यदि मनुष्य बन्दर की ही सन्तान है तो इन बन्दरों में यह क्रम लुप्त क्यों हो गया? जब माया (gravity) कम थी तब एमीबा और बैक्टीरिया मैमल बन गये और अब जबकि माया

[gravity] अति विस्तार को प्राप्त हो चुकी है तो क्यों नहीं वनते ये गाय, बकरी, मुर्गे, मुर्गियाँ। हड़ताल क्यों भाई? प्रतिकूल परिस्थितियों में कमाल किये और अनुकूल परिस्थिति में बायकाट! ऐसे सैकड़ों प्रश्न हैं जिनका उत्तर डारविन साहव नहीं दे पाते हैं। थ्योरी फेल हो गयी! अब पुनः विश्व के सामने एक ही थ्योरी सनातन की!

सनातन के अनुसार जीवन का इस लोक पर स्थानान्तरण किया गया था, न कि जीवन उग आया अचानक! तव प्रश्न उठेगा कि इनकी सृष्टि कैसे हुई कैसे? उसका उत्तर है यज्ञ के द्वारा, न कि अमीबा-वैक्टीरिया से! यज्ञ के द्वारा क्षीरसागर में ही सृष्टि सम्भव है। माया में ब्रह्म का पुनर्सृजन सम्भव ही नहीं है। [Integration of atoms is possible only only in space (gravity free zone), not in gravity. We can disintegrate the matter into atoms but cannot integrate the atoms in to new matters.]

माया में तो प्रलय ही सम्भव है पुनर्सृजन तो क्षीरसागर में ही हो सकता हैं जव तक आत्माकुण्ड द्वारा वृक्ष का क्षीरसागर रक्षित है भस्मी वनस्पति में पुनर्सृजन को प्राप्त हो सकती है। परन्तु भस्मी को स्वतः ही वनस्पति अथवा रक्त में वदलना असम्भव है माया में! इसीलिये वेद माया की निरन्तर चर्चा करते हैं।

ध्वनि पर अधिकार कर लिया है मानव ने। ध्वनिसे भी तीव गति से चलने वाले यान वना लिये। परन्तु प्रकाश गति नहीं पा सका। क्यों? क्योंकि माया पर नियन्त्रण लिये विना प्रकाश की गति प्राप्त नहीं हो सकती! माया पर नियन्त्रण मिल जावे तो यान भारहीन

स्थिति, एक क्षण में एक लाख अस्सी हजार मील की गति से कहीं अधिक चलेगा और राख के अणुओं को रक्त, सोना, हीरा, केक आदि में स्वेच्छा से वदला जा सकेगा। एक वैज्ञानिक सत्य है यह। अकाट्य है। आप ही वताइये कि माया पर नियन्त्रण मिल जावेतो मनुष्य अमर हो जावे; यह भी धुव सत्य है। विश्व का कोई वैज्ञानिक इसे ठुकरा सकता नहीं है माया को इसीलिए इतना अधिक महत्व दिया गया है। सनातन के अनुसार सम्पूर्ण चराचर निर्मित है जिनसे वे सम्पूर्ण सूक्ष्म विन्दु एक ही हैं राख के सूक्ष्म अणु, रक्त के सूक्ष्म अणु, लोहे, पत्थर के सूक्ष्म अणु मूलतः एक ही हैं। सृजन के रहस्य से इनके नाना रुप गुणदि प्रकट होने लगते हैं। एको ब्रह्म द्वितीयों नास्ति [atom is one]! परमब्रह्म का अर्थ है जो सूक्ष्म अणु से भी अति सूक्ष्म है तथा परम्ब्रह्म का अर्थ है अति विशाल जिसमें सम्पूर्ण लोक-लोकान्तर समाये हुए हैं। इस प्राकर परम्ब्रह्म एवं परम्ब्रह्म के अन्तर को स्पष्ट जान लेना चाहिए। इसको अधिक स्पष्ट रुप से जानने के लिए पहले आपको महाविष्णु के सुदर्शन चक्र के दर्शन करा दूँ। उस चक्र के दर्शन के लिये ज्योतिष की आंख को जागना होगा। वेदस्य चक्षुः राहु!

सनातन ज्योतिष के अनुसार सर्वप्रथम इस धरतीपर जीवन लाकर देवताओं ने इसे सजाया, संवारा। प्रश्न उठा कि 'काल निरुपण प्रणाी' क्या हो। ऐसा कौन सा सिद्धांत वनाया जावे जो सम्पूर्ण लोक-लोकन्तरों को ग्राह्य हो। सनातन नियम वनाओं अनन्तकाल तक समय का सही वोध करा सकें।

काल तो मिथ्या है, गति ही सत्य है! इसलिये गति

को ही समय की इकाई बनाओ देवताओ ने मनन किया और सनातन-काल-निरुपण वनाकर इस धरावासियों को दो। ऐसी प्रणाली जो अनन्त काल तक गड़बड़ नहीं हो सकती।

प्रत्येक ग्रह का धुरी-भ्रमण (spin) उस ग्रह की दिवारात्रि होगी तथा प्रत्येक की परिक्रमा उस ग्रह का एक वर्ष होगी। चूंकि कोई भी वृत छोटा हो अथवा बड़ा हो, उसके अंश 360 (360 degrees) ही रहेगें। इसलिये 360 तिथियों वर्ष की रहेंगी। 30 तिथियों का माह एवं 12 माह का एक वर्ष अथवा एक परिक्रमा होगी। इसी प्रकार 30 अंश की राशि एवं 12 माह का एक वर्ष अथवा एक परिक्रमा होगी। इसी प्रकार 30 अंश की राशि एवं 12 राशि का जन्म-चक्र रहेगा। इस प्रकार प्रत्येक ग्रह की समय की इकाई का अनुपात प्रत्येक ग्रह को मिल सकेगा तथा ग्रह चाहे परिक्रमा घटावे अथवा वढ़ावे परिक्रमा के अंश 360 ही रहने से प्रणाली पर कोई प्रभाव नहीं आवेगा।

इस प्रकार प्रत्येक ग्रह के समय का अनुपात स्पष्ट हो गया। जैसे पृथ्वी जितनी देर में एक परिक्रमा सूर्य की करती है, चन्द्रमा पृथ्वी की 12 परिक्रमा कर लेता है। पृथ्वी का एक वर्ष = चन्द्रमा के 12 वर्ष। जितनी देर में वृहस्पति सूर्य की एक परिक्रमा करता है, उतना ही देर में पृथ्वी सूर्य को 12 परिक्रमा कर लेती है। इसलिये पृथ्वी के 12 वर्ष = वृहस्पति का एक वर्ष। इसी प्रकार शनि का एक वर्ष पृथ्वी के 30 वर्ष के वरावर आया।

उसके वाद सनातन देवों ने वताया कि, इस सम्पूर्ण चराचर में सूर्य भी अस्थिर है। सूर्य अपने सम्पूर्ण परिवार



के साथ परिक्रमा कर रहा है। जैसे पृथ्वी सूर्य की परिक्रमा करते हुए भी चन्द्रमा से अपनी परिक्रमा कराती है, उसी प्रकार सूर्य देवलोक की परिक्रमा करता हुआ अपने आधीन ग्रहों से निरन्तर अपनी परिक्रमा कराता है। इस प्रकार जितनी देर में सूर्य अपने 360 अंश पूरे करता है, पृथ्वी सूर्य की तैतालीस लाख वीस हजार वार परिक्रमा करती है। इस प्रकार सूर्य का का वर्ष पृथ्वी के 43,20,000 वर्ष के वरावर हुआ।

इसी सूर्य वर्ष को चार दिशाओं के रुप में वताया तो, चतुर्युगी वना दी। सतयुग, त्रेतायुग, द्वापरयुग और कलियुगा। इस प्रकार सूर्य के एक वर्ष का अनुपात मिला इसी तरह नाना सूर्य परिवार एक देव की परिक्रमा करते है। प्रत्येक सूर्य की नाना पृथ्वी आदि ग्रह निरन्तर परिक्रमा करते हैं।

पुनः सनातन देवों ने कहा कि, यह देवलोक भी अस्थिर है। यह नाना देव ब्रह्मलोक की परिक्रमा करते हैं। जितनी देर में सूर्य हजार परिक्रमा देव की करता है, उतनी देर में देवलोक, ब्रह्मलोक की एक परिक्रमा पूरी करता है। इस प्रकार देवलोक का एक वर्ष सूर्य के एक हजार वर्ष के वराबर हुआ। अर्थात् 1 देव वर्ष = 1000 गुंणा 43,20,000 वर्ष पृथ्वी के।



यह ब्रह्मलोक का एक दिन है तथा इसी अनुपात से रात्रि है तथा इसी अनुपात से रात्रि है। अर्थात् देवका 1 वर्ष ब्रह्मलोक का 1/2 अंश भ्रमण है, सनातन-लोक के चारों ओर! इसी अनुपात से ब्रह्म 360 अंश भ्रमण करते हैं और सनातन लोक को परिक्रमा करते हैं। इस तरह 1 ब्रह्म - वर्ष = 2 गुणा 360 गुणा 1000 गुणा 43, 20, 000 वर्ष पृथ्वी के।

इस अनुपात से ब्रह्म के पचास वर्ष वीत चुके हैं। 51वें वर्ष के प्रथग दिन का उदय होकर 13 घटी, 42 पल, 3 विपल, 43 प्रतिविपल व्यतीत हो चुके है। अर्थात् इतने वर्ष इस पृथ्वी को, जब से इस पर जीवन स्थानातरित हुआ, ब्रह्मलोक की परिक्रमा करते हो चुके

हैं। वर्तमान काल-निरूपण प्रणाली इतने समय पूर्व ही इस धरा पर लायी गयी थी।

अब चलें सनातन-लोक-मण्डल जिसका दूसरा नाम ही सुदर्शन चक्र है। सनातन का अर्थ है नित्य; जो किसी ग्रह की परिक्रमा नहीं करता है। परिक्रमा न करने से कालातीत है, अर्थात वहाँ समय को इकाई हो ही नहीं सकती।

एक नित्य सनातन-लोक है, जिसके प्रत्येक ओर से नाना ग्रह उसकी परिक्रमा करते हैं। प्रत्येक ग्रह की, नाना-नाना देव प्रत्येक ओर से परिक्रमा करते है। प्रत्येक



देव की, नाना-नाना सूर्य प्रत्येक ओर से परिक्रमा करते हैं। प्रत्येक ग्रह की हम और आप जेसे नाना-प्राणी प्रत्येक ओर से परिक्रमा करते है तथा प्रत्येक शरीर की नाना कोश परिक्रमा करते हैं एवं प्रत्येक कोश की नाना सूक्ष्म-ब्रह्म परिक्रमा करते हैं। इस सम्पूर्ण को सुदर्शन चक्र की संज्ञा दी है वेद सनातन ने! सनातना दर्शन जो सु + दर्शन है; सो सुदर्शन चक्र दिखाया मैंने आपको! अनंत क्षीरसागर के अधिपति महाविष्णु इसे थारण करते हैं।

सनातन की परिक्रमा सर्वोपरि हे। किसी प्रकार की भी पूजा, पाठ, हवन, यज्ञ, संस्कार परिक्रमा के विना अपूर्ण एवं फलहीन माना जाता है। प्रकृति के अंग हैं हम! प्रकृति को ठुकरा दें कैसे?

पाश्चात्य वैज्ञानिक सूर्य को स्थिर मानते रहे है; परन्तु अव उनकी थारणा भी वदलने लगी है। उनके अनुसार (sun is moving in the destination unknown.) हम कहते हैं महाराज! अव थर्म संकट छोड़ो। आगे की वात भी मान लो। 'दिशा अज्ञात' कोई अपनी मर्जी से तो सूर्य चलेगा नहीं। प्रकृति का अंग है, प्रकृति के नयम के अनुरूप ही परिक्रमावत् चलेगा। लेफ्ट-राइट करने से रहा।

हमारी बात वे माने कैसे? हमारा अस्तित्वं ही क्या है? इतिहास अटवर्थन-पटवर्थन से शुरू होता हैं। वेद का काल, रामायण का काल, गीता का काल, कहीं है ही नहीं। लगता है यह किताबें अचानक अनाधिकार इस देश में चली आई हैं। फिर कोई वैज्ञानिक यही बात कहेगा और हम दिवस मानयेंगे उसका! कर्परनिकस की

पाँचवी शताब्दी मनाई गई, लाखों रुपये खर्च किये गये एक मार्ग का नाम रखा गया। उसने आज से पाँच सौ वर्ष पूर्व बताया था कि, पृथ्वी सूर्य की परिक्रमा करती है।

वेद द्वारा अभिशप्त, इन कर्णधारों से पूछो, कि पृथ्वी यदि सूर्य की परिक्रमा नहीं करती, तो काल निरूपण प्रणाली असंख्यों वर्ष पूर्व बनती केसे? आपने एक संस्कृति को तिरस्कृत किया है; एक देश की सार्वभौमिकता को छिन्न भिन्न किया है; एक राष्ट्र का सम्मान अपने पैरों के नीचे कुचला है। समय रहते इसका प्रायश्चित हो जावे, तो अति उत्तम है अन्यथा हिरण्याकश्यप और रावण के पुतले आज भी जलते हैं। जिनके हाथ देश का सम्पूर्ण धन है, नियन्त्रण है, बागडोर है, उन्हें किसी भी नपुंसक बहाने से बच निकलने का अधिकार नहीं है। राष्ट्र का महान सम्मान चाहने वालों! सारा कर्तव्य तुम्हारे सिर है। उच्छृंखलता और उदण्डता, बहानेबाजी बचा सकेगी। कर्म करो। दिशा लो! जन जन पूजगा तुम्हें! आरती उतारेगा! अमर ही जाओगे, लोक गीतों के नायक बनकर!

यहां एक बात और भी स्पष्ट कर देना चाहूँगा कि नाग के फन पर पृथ्वी बैठी क्यों है। पृथ्वी से तात्पर्य पृथ्वी से है तथा नाग से तात्पर्य है, पृथ्वी की परिक्रमा का स्वरूप। इसे वेद ने स्पष्ट किया है। अर्थात् पृथ्वी सूर्य की परिक्रमा एक मार्ग अथवा रेखा पर नहीं करती वरन् उसकी परिक्रमा का चलन वैसा ही है जैसे नाग पानी में चलता है। अगल-बगल तथा ऊपर-नीचे डोलता हुआ ही नाग सागर में चलता है, उसी प्रकार क्षीरसागर

में पृथ्वी नागिन सी गति से सूर्य की परिक्रमा करती है। वैसे भी यह स्वयं सिद्ध है पृथ्वी नाना-ग्रहों की मायाओं का यथा-सन्तुलन रख कर ही अपनी परिक्रमा पूरी कर सकती है। प्रत्येक ग्रह चलायमान है तथा उल्काओं का भी निरन्तर वदलता प्रभाव रहता है। इसीलिए पृथ्वी की ऐसी ही नागिन की गति हो सकती है। एक महायुद्ध के उपरांत नष्ट संस्कृति ने दुवारा उन चिन्हों से स्वयं को पहचानना चाहा। कहीं सत्य से हटकर सत्य मान वैठे तो इसका यह अर्थ कैसे लग गया कि सत्य ही नहीं है।

यह भी नहीं भूलना चाहिए कि 200 वर्ष की गुलामी में शिक्षा के अंग भी यह ग्रन्थ नहीं रहे इसलिए अनुसंधान हो न सका। आजादी के वाद इस देश की दिशाहीन राजनीति इनको शिक्षा का माध्यम में ला सकी; न ही यह वैज्ञानिक अनुसंधान का विषय वन पाया। साथ ही यदि किसी वैज्ञानिक ने पाश्चात्य विज्ञान से हटकर नई दिशा वेदों में ढूंढना चाही, तो अवसर तथा सहायता उसे भारत में नहीं मिली! अमरीका तैयार है! यह अति दुर्भाग्यपूर्ण सत्य है, क्या भारत कभी भारत वन सकेगा?

वेदों में वह्मास्त्रों (,atomic warheads) एवं पशूपतास्त्रों (cosmic warheads) का अनेक वार वर्णन आया है। देवयान (gravity controlled spaceship) का नाम ही नहीं, इसकी यान्त्रिक प्रणाली का भी स्थूल वर्णन है। आश्चर्य तो इस वात का है कि इसके अतिरिक्त कोई मार्ग भी नहीं हो सकता है, मायायुक्त यान का। इस यान का संक्षिप्त वर्णन आप भक्तजनों को सुनाता हूँ।



सुदर्शन चक्र की कार्यप्रणाली के अनुरूप ही देवयान का निर्माण होता था। एक कमाण्डिशिप है, जिसके प्रत्येक ओर से मैगनेटिक कन्ट्रोल पर गोले तीवतम गति से घूमते थे। प्रत्येक गोले के हर ओर छोटे गोले उसी प्रकार घूमते थे, ठीक जिस प्रकार सनातन के चारों ओर परिक्रमा एवं धुरी भ्रमण कर रहे हैं ग्रह्म एवं देवलोक। इन्हीं तीवतम परिक्रमाओं से माया [gravity] को निरस्त्र [neutral] कर देवयान [spaceship] ऊपर उठने लगता था; और भारहीन स्थिति को प्रापत हो विघुतगति से क्षीरसागर में प्रविष्ट हो जाता था; क्षीरसागर में पहुंचते ही उसकी परिक्रमा करते माया के न रहने से उससे चिपक जाते थे और यान विघुत से तीवतम गति को प्राप्त हो क्षीरसागर को पारकर इच्छित ग्रह की माया में प्रविष्ट हो जाता था। माया में आते ही पुनः पिण्ड धुरी-भ्रमण एवं परिक्रमा करके उसकी गति का नियन्त्रण करने लगते थे। माया को इच्छानुार घटाता-वढ़ाता यान किसी वर्फीले पहाड़ अथवा ठण्डे सागर-तल पर उतर जाता था। मैदान में यह यान उतर नहीं सकते थे क्योंकि ऐसा करने पर उसकी गर्मी से सव कुछ ध्वस्त हो जाता। यान जव उतरते थे तो लाखों टन बर्फ भाप बनकर उड़ जाती थीं तथा नदियों में वाढ़ आ जाती थीं इसी से लोग इन्द्र की पूजा करते

थे। इन्द्रयान का उस धरा पर कई बार आना दिखाया गया है। यह मात्र कोरी कल्पना हो ऐसा मानकर एक महान मूर्खत होगी। सत्य है कि वेद लिखे हैं सन्यासी ने कविता रूप में! वह वैज्ञानिक नहीं था। परन्तु जो विज्ञान उसने देखा उसे अपने ढंग से उपमाओं में बताया उसने तथा वह मात्र उपमाओं में बता गया उसे आज तक न बदल सके, हम! हमारी मान्यतायें नित्य बदलती रहीं। जागो हे सनातन जन-जन!! पहचानों कि तुम कौन हो? क्या दर्शन है तुम्हारा? कैसे थे पूर्वज तुम्हारे? उनके ज्ञान का सहस्त्रांश मात्र भी तुम्हारे दर्शन को भूतल का महानतम दर्शन बना देता है।

ज्योतिष! सनातन की विशिष्ट उपलब्धियों में आता है। बालक ने क्षीरसागर गर्भ का त्यागा- माया में प्रविष्ट हुआ। मापने लगा माया के प्रभावों को ज्योतिषी। Astrology is the secience which studies gravitational impacts on different subjects at different times and places. Comparative study of these impacts is the predictive side of astrology.

माया के भिन्न भिन्न प्रभावों को मापने; उनका जन्म से आनुपातिक प्रभाव जानने; स्थान और समय पर गोचर के प्रभाव नापने-वाली विधा का नाम ज्योतिष है।

आज का वैज्ञानिक तो जान ही नहीं पाया है कि माया क्या है और कितनी प्रकार की है? ज्योतिष कल का महानतम् विज्ञान होगा। जिस प्रकार माया के प्रभाव के कारण मृत्यु को झुठलाया जा सकता उसी प्रकार माया के प्रभाव का ज्ञान कराने वाली विधा की महानता को भी न्यून नहीं किया जा सकता।

सब खेल माया का है। सनातन के अनुसार सूक्ष्म-ब्रह्म विराट स्वरूप को प्राप्त होते हैं। पाश्चात्य में सूक्ष्म-ब्रह्म [atom] टूटते हैं।

Sanatan believes in expansion of atom while western science believes that atom breaks. Satatan says atom does never breaks, it expads according to the pressure of gravity and is competent to produce electrons and decrease their number when needed. Atom is one.

सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड का सूक्ष्म अणु जिसमें ब्रह्माण्ड की सर्व शक्तियां निहित हैं-ब्रह्म है। यह बिन्दु एक ही प्रकार के हैं। उनको अलग-अलग प्रकार से कहना भ्रान्ति है। यह बिन्दु एक दसरे से जुड़ते भी नहीं हैं, वरन् मोहित होते हैं। यह बिन्दु अमर है। इन्हें नष्ट नहीं किया जा सकता ।

किसी भी पदार्थ को अणु मात्र में परिवर्तित करके उनका पुनर्सृजन किसी भी पदार्थ में किया जा सकता है। लकड़ी हीरा वन सकती है। पत्थर नवजात शिशु वन सकता है।जिसे आप कोरी गप्प कहते हैं, वह एक अटल वैज्ञानिक सत्य है।

Matter can be changed to light and light can ge converted to desired matter,-say Sanatna Vedas.

And this eill be the lone discovery of tomorrow,--says Bhakta sanatan.

तत्व को तेज में रुद्राग्नि द्वारा परिवर्तित कर उन्हीं तेज विन्दुओं का पुनर्सृजन करती है तो राख वनस्पति में एवं वनस्पति रक्त, मांस आदि में परिवर्तित हो जाती है। इसलिए तत्व ही तेज है; तेज ही तत्व है। पदार्थ भारहीन स्थिति को प्राप्त हो तेज की गति को प्राप्त हो सकते है।

Therefore light is matter and matter is light. matter can take the speed oflight and can travel swiffr than light. space ship can move with the speed of light.

कल्पवृक्ष उल्टा है। उसकी जड़ें उपर को है; टहनियां नीचे हैं क्यों? क्योंकि ऊपर क्षीरसागर में पहुँचते ब्रह्म; जो तेज में परिवर्तित हो ऊपर जाते हैं, जुड़कर नाना पदार्थो की सृष्टि करते हैं तथा उल्कापात द्वारा पुनः भू पर अवतरित होते हैं। इसलिए कल्पवृक्ष उल्टा है अर्थात् यह ऐसा पेड़ है, जो ऊपर से पदार्थ ग्रहणकर नीचे धरा पर हमको देता है। जड़ें ऊपर को है न! रस ऊपर से लेकर उन्हें फलस्वरुप बना हमको नीचे प्रदान कर रही हैं।

यही रहस्य है यज्ञ का! तेज में परिवर्तित ब्रह्म, क्षीरसागर में तेज विन्दु जुड़कर नाना पदार्थो की सृष्टि करेंगे! क्योंकि यह तेज ही तत्व है एवं तेज ही तत्व में परिवर्तित होगा।

Atom can expand to any extent. Single atom can cover the whole Universe, says Gita.

ब्रह्म का विस्तार इतना विशाल हो सकता है कि एक ही ब्रह्म में सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड समा जावे! ऐसा विराट स्वरूप दर्शन दिया है गीता में!

वेद की वैज्ञानिक उपलब्धियों का अधिक विस्तार करना यहाँ ठीक न होगा। यह तो वैज्ञानिकों के सुनने की वस्तु है। यहाँ पर केवल अति संक्षिप्त रूप में आपको बता दिया है, जिससे आप जान सकें कि आपके वेद क्या हैं? आज सारा विज्ञान क्षुब्ध खड़ा है और वेद मुस्करा रहे हैं। देखना एक दिन, लौटेंगे वेद सनातन के, भारत में कब? जब यह गुलाम देश और गुलाम सत्ताधारी मानसिक दासता त्यागकर भारत लौटंगे!

सनातन आशावान है! निश्चिन्त है!! शान्त है!!!

सनातन विज्ञान का सूक्ष्म दर्शन मैंने आपको इसलिए दिया जिससे आप क्षीरसागर मंथन की कथा को वास्तविक रूप से जान सके। क्षीरसागर-मंथन "The Space Research," इसे कथा रुप में सुनाऊगा। इस प्रकरण में जहाँ "मैं " का उच्चारण करूँ, उसका अर्थ मुझसे नहीं, उस महाप्रभु, सनातन, कृष्ण, ॐ सर्वव्यापी से लगाइयेगा।

जैसे—जैसे ग्रह बढ़ता जाता है; उसका परिक्रमा-वृत निरन्तर बढ़ता जाता है। माया का प्रभाव गहन होता जाता है। माया का प्रभाव अधिक होने के कारण शरीर का विघटन भी तीव होने लगता है। इस विघटन [decay] को सहन कर सकने के लिए शरीर बढ़ने लगते हैं। इस प्रकार ग्रह अपने सम्पूर्ण जीवधारियों के साथ दानव [decay] स्थिति को प्राप्त हो जाता है। ऐसी स्थिति को प्राप्त ग्रह की महाप्रलय अवश्यम्भावी हो उठती है।

मैं, जो इस सुदर्शन—चक्र का अधिपति हूँ, सनातन लोक का स्वामी हूँ, नाना ब्रह्मलोक तथा देवलोक अधिपतियों द्वारा पूजित हूँ! मैंने दिव्य चक्षु से देखा कि कुछ काल उपरांत सूर्य लोक-मण्डल में जो जीवधारी ग्रह है, माया का भार अत्यधिक बढ़ जाने का कारण महाप्रलय को प्राप्त होगा। वहाँ जीवन भी दानव स्थिति को प्रापत हो चुका है।

मैंने देवलोक को [जिसकी यह सूर्य- परिवार परिक्रमा कर रहा है] आदेश दिया कि, हे देवो! जाओ! उस परिवार में, वह भूमण्डल सर्वनाश, प्रलय को चलनेवाला है। तुम तुरन्त कोई नया ग्रह ढूंढकर, उस

जीवन स्थानान्तरित कर दो; जिससे अमुक सूर्य परिवार में जीवन निरन्तर रहे और सृष्टि के चक्र में बाधा न आवे।

अहंब्रह्मास्म प्राप्त देव तेज की गति से क्षीरसागर में दौड़ चले; नये गह की खोज में। इस अभियान का नाम दिया गया क्षीरसागर-मन्थन अर्थात् (space research) देवों ने आदेश पाते ही क्षीरसागर में प्रवेश किया। नाना विशाल उल्काओं को देखा। परन्तु उन्हें उपयुक्त उल्का-पिण्ड मिला नहीं। ढूंढतेहुए वे एक अति विशाल उल्का-पिण्ड पर आये। यह पिण्ड ग्रह के सब गुणों को धारण कर चुका था। धुरी भ्रमण एवंसूर्य की परिक्रमाओं को प्राप्त हो चुका था। माया भी उचित थी। निश्चय किया गया के जीवन इसी ग्रह पर स्थानान्तरित कर दिया जावे।

परन्तु एक समस्य जटिल थी। पानी नहीं था इस ग्रह पर। पानी के विना जीवन चलेगा नहीं। इस ग्रह को पहले पानी दिया जाना चाहिये। देवो ने इस सूर्य-परिवार के सारे ग्रहों का अवलोकन किया। जल नहीं मिला कहीं पर भी। क्या हो? कैसे जल लाया जावे इस ग्रह पर?

देव पुनः क्षीरसागर में लौट आये। देवों ने क्षीरसागर में विचरण करते तेज बिन्दुओं के यज्ञ के द्वारा जल में परिवर्तित करना आरम्भ कर दिया। इस प्रकार एक विशाल जल का सागर एकत्र हो गया। इसका नाम वैतरणी रखा गया। यह जल इस ग्रह से कई गुना अधिक था। प्रश्न उठा इस जल को इस ग्रह पर उतारें कैसे?

